हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 7 अगस्त 2025


तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री


10 खरकौदा के बाद जींद में बनेगी प्रदेश की....





10 100 मीटर बाधा दौड़ में मानसी प्रथम




## खबर संक्षेप

### हवाई फायर कर दहशत फैलाने पर मामला दर्ज

**जींद।** शहर थाना नरवाना पुलिस ने नरवाना मोरपत्ति में दरवाजा के सामने हवाई फायर करने के आरोपित के खिलाफ दहशत फैलाने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना मोरपत्ति निवासी सरोज ने पुलिस को शिकायत दी है।

### डोगर पट्टी शक्ति नगर में मारपीट में एक घायल

**कैथल।** कैथल के डोगर पट्टी शक्ति नगर में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। डोंगर पट्टी के रामेश्वर ने शहर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 27 जुलाई को जब वह रात करीब 8:30 बजे डोगर पट्टी से गुजर रहा था तो आरोपी रत्न व उसके लड़के गगन ने एक अन्य व्यक्ति के साथ मिलकर लाठी डंडे और मुक्कों से मारपीट कर उसे घायल कर दिया।

### मैरिज पैलेस से बर्तन और सामान चुराया

**जींद।** ओम नगर में बीती रात चोरों ने मैरिज पैलेस से सिलेंडर, बर्तन, पतीलों समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कृष्णा कालोनी निवासी सुमित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने ओम नगर के मैरिज पैलेस में शादियों में प्रयोग होने वाले बर्तन रखे हुए थे।

### प्रताड़ित करने के आरोप में पति व सास गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल क्षेत्र की बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में महिला थाना पुलिस की लेडी एएसआई निर्मला द्वारा पीड़िता के पति दीपक व सास सरोज बाला निवासी माडल टाउन कैथल को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 24 मार्च 2022 को दीपक उपरोक्त के साथ हुई थी।

### दो दिवसीय दिव्यांग जांच एवं पंजीकरण कैंप आज से

**जींद।** दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए स्कोप चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नरवाना के मोहलखेड़ा रोड स्थित स्कोप रिहैबिलिटेशन सेंटर में सात व आठ अगस्त को दो दिवसीय दिव्यांग जांच एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर सुबह 10 बजे से सायं चार बजे तक चलेगा।

### दुकान से नकदी चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** कबाड़ी की दुकान में गल्ले से चोरी करने के मामले की जांच चौकी भागल पुलिस के एएसआई लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव भूसला निवासी गोपाल व विशाल उर्फ हर्ष को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव भागल निवासी बारु राम की शिकायत अनुसार उसकी चीका पेहवा रोड पर स्थित कबाड़ी की दुकान को दोपहर के 1 बजे बंद कर खाना खाने के लिए घर चला गया।

### दो युवकों पर हमला, घर में घुसकर बचाई जान

जींद।गांव बडौदा में बीती देर रात लगभग आधा दर्जन युवकों ने स्कूटी सवार दो युवकों पर हमला कर दिया। युवकों ने एक मकान मे घुस कर अपनी जान बचाई। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद।** सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने को सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से पुरस्कार दिया जाता है।

# सीएम फ्लाइंग ने मारा छापा, निम्नाबाद के पास अवैध शराब ठेके का फूटा भांडा

## ठेके से की 57 पेटी बरामद, असली शराब ठेके की तरह दिया गया अवैध ठेके को लुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को छापेमारी कर गांव निम्नाबाद के निकट नहर पटरी चल रहे अवैध शराब ठेके का भंडाफोड़ किया है। छापामार टीम ने ठेके से 57 पेटी अंग्रेजी, देशी तथा बीयर की बरामद की है। ठेके को हूबहू मंजूरशुदा ठेको तरह लुक दिया था। सीएम फ्लाइंग ने छापेमारी की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेज दी है। टीम में शामिल आबकारी विभाग के अधिकारियों ने अवैध शराब ठेका संचालक के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश सदर थाना सफीदों पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच करही है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि निम्राबाद के निकट नहर पटरी पर अवैध रूप से शराब ठेका चलाया जा रहा है। शराब ठेके को हूबहू मंजूरशुदा शराब ठेके की तरफ लुक दिया गया। जिसमें शराब ठेके की अवधि भी लिखी गई है। सूचना के आधार सीएम फ्लाइंग के निरीक्षक रोहताश के नेतृत्व मे छापामार टीम का गठन किया गया। जिसमें सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर सतपाल, चरण सिंह को भी शामिल किया गया। टीम में आबकारी विभाग के एईटीओ देवेंद्र सिंह भी स्टाफ के साथ शामिल हुए। संयुक्त टीम ने जब शराब ठेके पर दस्तक दी तो वहां पर सेल्जमैन गांव खुशवार जिला हरदोई यूपी निवासी अनुज ड्यूटीरत मिला। टीम ने सेल्जमैन से ठेका तथा उसमें रखी शराब का लाइसेंस मांगा तो वह उन्हें दिखाने मे नाकाम रहा। टीम को बताया कि शराब ठेका सोनू नरवाल चला रहा है। टीम ने जब शराब ठेके की तलाशी ली तो उसमे 139 बोतल अंग्रेजी, 317 बोतल देशी शराब, 117 अध्धे, 285 पव्वे, अंग्रेजी शराब के 77 अध्धे, 83 पव्वे, 40 बोतल बीयर तथा 23 केन बरामद हुई। टीम ने शराब को कब्जे में ले ठेके को सील कर दिया। सीएम फ्लाइंग ने बिना लाइसेंस के पकड़े गए ठेके की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेजी है। आबकारी विभाग के अधिकारी ने सेल्समेन के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश कर सेल्समैन को सदर थाना सफीदों पुलिस के हवाले कर दिया।

कार्रवाई करते टीम







### आबकारी विभाग करेगा कार्रवाई

सीएम फ्लाइंग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि आबकारी विभाग के साथ शराब ठेके पर छापेमारी की गई थी। जो बिना लाइसेंस के चल रहा था। आबकारी विभाग द्वारा शराब ठेका संचालक के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की सिफारिश की है। आगामी कार्रवाई आबकारी विभाग द्वारा अमल मे लाई जाएगी।



कैथल। खेल प्रतियोगिता में पहुंचे पुलिस कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

# कैथल में खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जमकर हंगामा

## पुलिस ने पहुंच किया बीच बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बुधवार दोपहर के समय एक प्रतियोगिता के परिणाम पर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मौके पर ही आयोजकों को पुलिस बुलानी पड़ी। हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्षों में शुरू हुआ विवाद बहस के बाद शांत हो गया। दरअसल, खेल मैदान में आयोजित लड़कियों की अंडर-19 की खो-खो प्रतियोगिता में एक प्वाइंट के फैसले पर विवाद हुआ। यह मैच नैना गांव के सरकारी स्कूल और नरड़ गांव के नरड़ाचल स्कूल के खिलाड़ियों के बीच में आयोजित किया गया था।

एक तरफ जहां टीम की ओर से पहुंचे कुछ ग्रामीणों ने आयोजकों पर रेफरी पर परिणाम एक पक्ष में देने का दबाव बनाने का आरोप लगाया तो दूसरी तरफ आयोजकों ने इन ग्रामीणों के शरारती तत्वों के होने की बात कही और कहा कि यह खेल में खलल डालने के लिए पहुंचे। नैना गांव की टीम की ओर से पहुंचे युवक संदीप, काला, कप्तान, चरण सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि राजकीय स्कूल नैना की टीम की खिलाड़ियों के खेल के दौरान प्वाइंट के लिए हाथ टच भी नहीं हुआ और संयोजक के कहने पर रेफरी ने दूसरी टीम को एक प्वाइंट दे दिया। यह सरासर गलत हे। वहीं, खेल के संयोजक बलजीत सिंह ने बताया कि कुछ शरारती तत्व खेल में खलल डाल रहे थे। इसके बाद पुलिस को बुलाया और मौके पर आला अधिकारियों को भी बुलाया गया। बाद में मामला शांत करवाया।

### मैच टाई

जिला खेल संयोजक रमेश चहल ने बताया कि विवाद वाली कोई ऐसी बात नहीं थी। मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से बातचीत कर ली थी। इसके चलते मैच को टाई करने का फैसला लिया गया। इसके बाद दोनों पक्ष शांत हो गए।

## हरिभूमि ने 6 अगस्त के अंक में किसानों की समस्या को प्रमुखता से उठाया था

# धान की फसल में बौने पौधों की समस्या का कृषि अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

गुहला चीका क्षेत्र में बौने पौधों की समस्या को लेकर फैली बीमारी को लेकर बुधवार को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, कैथल के वरिष्ठ अधिकारियों ने गांव चाबा और दाबा का दौरा किया। टीम में उप कृषि निदेशक डॉ. बाबूलाल, कृषि विज्ञान केंद्र कैथल के सीनियर कोऑर्डिनेटर डॉ. महा सिंह, और उपमंडल कृषि अधिकारी चीका, डॉ. कंचन कुमारी किसानों के खेतों में पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। बता दें कि हरिभूमि ने 6 अगस्त के अंक में धान पर फिजी वायरस का कहर, 70 प्रतिशत तक बर्बाद, किसान ने फसल पर चलाया ट्रैक्टर शीर्षक के माध्यम से किसानों की समस्या को प्रमुखता से उठाया था। समाचार पर संज्ञान लेते हुए कृषि विभाग की टीम द्वारा यह दौरा किया गया। डॉ. महा सिंह ने किसानों को बताया कि यह समस्या एक वायरस के कारण होती है, जिसे सफेद पीठ वाला तेला (व्हाइट बैक्ड प्लांट हॉपर) नामक कीट फैलाता है। उन्होंने किसानों को रोग से ग्रसित पौधों की पहचान और कीट नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी। डॉ. बाबूलाल (डी.डी.ए, कैथल) ने किसानों को भरोसा दिलाया कि कृषि विभाग पूरी तरह से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि अन्य गांवों में भी ऐसी समस्या सामने आ रही है तो उसकी रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजी जाए। साथ ही किसानों से अपील की कि वे अनुशंसा से अधिक खाद या कीटनाशकों का प्रयोग न करें। डॉ. कंचन कुमारी (एसडीएओ, चीका) ने किसानों से आग्रह किया कि वे बौने पौधों की समस्या की सटीक जानकारी कृषि विभाग की टीमों को दें। उन्होंने बताया कि गांव स्तर पर टीमें गठित कर दी गई हैं, जो खेतों का निरीक्षण कर किसानों को जानकारी दे रही हैं। किसानों ने बताया कि यह रोग विशेष रूप से देखने को मिल रहा है, विशेषकर उन खेतों में जहां फसल जल्दी लगाई गई थी।



गुहला चीका। खेतों का दौरा करते कृषि विभाग के अधिकारी व विज्ञानी व हरिभूमि में प्रकाशित समाचार फोटो :हरिभूमि

### जानकारी दी

कीटनाशक छिड़काव की सिफारिश:डायनोटीफ्यूरान 20% एस.जी. (ओशीन या टोकन) 80 ग्राम प्रति एकड़, पाईमेट्रोजिन 50% डब्लू.जी. (चेस) – 120 ग्राम प्रति एकड़, इन दोनों का छिड़काव 200 लीटर पानी में घोल बनाकर करें। आवश्यकता पड़ने पर एक या दो बार और छिड़काव किया जा सकता है, विशेषकर यदि हॉपर की संख्या अधिक हो। साथ ही, पौधों की पोषण भरपाई के लिए एन.पी.के. या जिंक-यूरिया का स्प्रे करने की भी सलाह दी गई।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर डॉ. ईश्वर कुमार (ए.डी.ओ), डॉ. सचिन पवार (बी.टी.एम, चीका), गगनदीप (कृषि सुपरवाइजर) के साथ किसान कर्म सिंह, मलकित, मिता, महल सिंह और प्रताप सिंह सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।



धान पर फिजी वायरस का कहर, 70% तक बर्बाद, किसान ने फसल पर चलाया ट्रैक्टर

■ सैकड़ों एकड़ फसल को चट कर गया वायरस ■ किसानों ने सरकार से मुआवजे की लगाई गुहार

### नकदी व आभूषण चोरी करने का आरोपी दबोचा

**कैथल।** कैथल क्षेत्र से एक मकान में चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी अनिल कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव मानस निवासी असलम खान को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चंदाना गेट कैथल निवासी रमन की शिकायत अनुसार 28 जुलाई को वह अपने परिवार सहित दिल्ली गया हुआ था। 29 जुलाई की रात को वापस घर आकर देखा तो मकान का ताला टूटा हुआ मिला। सामान चैक करने पर 2 लाख 57 हजार की नगदी, 2 सोने के सेट, 2 सोने की चुड़िया, 2 चांदी के गिलास, एक चांदी का सिक्का व लैपटॉप चोरी होना पाया गया। जिस बारे थाना शहर में मामला दर्ज कर लिया गया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा लैपटॉप तथा वारदात में प्रयुक्त स्कूटी बरामद की गई।

# जींद में अपराध और भय का कोई स्थान नहीं: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसपी कुलदीप सिंह ने बुधवार को स्वर्णकार और पेट्रोल पंप मालिकों के साथ अलग-अलग बैठकें की। उनकी सुरक्षा को लेकर विस्तृत बातचीत के साथ सुझाव भी मांगे। उन्होंने साफ कहा कि जिले में अपराध और भय का कोई स्थान नहीं है।

उन्होंने उपस्थित स्वर्णकार और पेट्रोल पंप संचालकों को आश्वस्त किया कि यदि कोई व्यक्ति फिरौती मांगता है, धमकी देता है, परेशान करता है तो वे तुरंत पुलिस से सपर्क करे। पुलिस तुरत एक्शन लेगी। उन्होंने कहा कि स्वर्णकार जब भी ज्यादा मात्रा में सोना, चांदी या कैश लेकर जाते है या आते है तो नजदीकी थाना से सुरक्षा ले सकते है। जिला पुलिस द्वारा व्यापारियों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रयवेक्षण अधिकारी व सभी थाना प्रबंधकों को पहले ही निर्देश दिए गए हैं। राईडर पीसीआर, ईआरवी व चैकिंग पार्टीयां लगातार अपने इलाका में पेट्रोल पंपो पर गश्त करते रहे। उन्होंने कहा कि कारोबारियों के इलावा आमजन भी जिले में कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस को सहयोग करें।

### रबड़ कारोबारी से की करोड़ों रुपये की ठगी

**कैथल।** शहर के सेक्टर 19 के एक रबड़ कारोबारी से पश्चिम बंगाल के एक आरोपी ने चार करोड़ रुपये ठगी कर ली। इस मामले में एसपी कार्यालय में शिकायत मिलने के बाद सिविल लाइन थाना की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने उसे त्रिपुरा में एक सरकारी अधिकारी होने का हवाला दिया। इसके बाद वह उसकी झूठी बातों में आ गया और उसकी ओर से व्यापार शुरू करने की बातों पर विश्वास कर धोखाधड़ी का शिकार हुआ। इस मामले में एसपी कार्यालय में दी गई शिकायत में सेक्टर 19 पार्ट वन निवासी साहिल सचदेवा ने बताया कि उसकी एक फर्म मैसर्ज साहिल इंप्राइजिज कैथल में स्थित है। जिसका वह सोल प्रोपराइटर है। इसमें वर्ष 2009 से फ काम हो रहा है।

# गोहाना बार एसोसिएशन के समर्थन में अधिवक्ताओं ने किया वर्क सस्पेंड

■ अधिवक्ताओ ने दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियो के खिलाफ कार्रवाई हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोहाना में पुलिसकर्मियो द्वारा अधिवक्ता के साथ किए गए दुर्व्यवहार के विरोध में बुधवार को जिला बार एसो. के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने वर्क सस्पेंड रखा। जिला बार एसो ने मांग की कि अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार करने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। अधिवक्ताओं द्वारा अदालत में पेश न होने के कारण अगली तारीख दे दी । अधिवक्ताओं के वर्क सस्पेंड से कामकाज के सिलसिल में आए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जिला बार एसो के अध्यक्ष विकास लोहान ने बताया कि गोहाना पुलिस ने वहां पर एक अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार किया था। अधिवक्ताओं दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस के रवैये को देखते हुए गोहाना बार एसो ने बुधवार को वर्क सस्पेंड का आह्वान किया था। गोहाना बार एसो के समर्थन में अधिवक्ता के साथ दुर्व्यवहार करने वाले पुलिसकर्मियो के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर वर्क सस्पेंड रखा है। अधिवक्ताओ द्वारा वर्क सस्पेंड किए जाने के कारण अदालतों का कामकाज भी प्रभावित हुआ। जिसके चलते अदालत में काम काज के सिलसिल में आए लोगों को अगली तारीख दे दी गई।



## रक्षाबंधन पर्व के तीन दिन शेष, बहनें खरीद रही डिजाइनों वाली राखी

# बाजारों में सजी भाइयों की कलाई के लिए राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सावन महीने में नौ अगस्त को पूर्णिमा को मनाए जाने वाला भाई व बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन को लेकर बाजार में बहनें राखियों की जमकर खरीददारी कर रही हैं। हालांकि पर्व के एक सप्ताह पहले ही बाजारों में दुकानें विभिन्न तरह की राखियों से सजाई गई हैं। बहन भी अपने भाइयों के लिए समय से पहले ही राखी खरीदने के लिए बाजार में आ रही हैं। रक्षाबंधन के चलते बाजार में न केवल राखियों की बिक्री बढ़ी है बल्कि मिठाई गिफ्ट आइटमए डेकोरेशन सामग्री और रेडीमेड कपड़ों की दुकानों पर भी ग्राहक बढ़ गए हैं। कारोबारियों को उम्मीद है कि रक्षाबंधन पर्व व्यापार में भी नई ऊर्जा लेकर आएगा। इस पर्व के नजदीक आने के चलते मिठाइयों की खुब बिक्री हो रही है। बर्फी, केसर बर्फी, मिल्क केक और ड्राई फ्रूट, लड्डू का विशेष स्टॉक तैयार किया है। पर्व से पहले भी बिक्री होने लगी हैए क्योंकि कई बहनें पर्व से पहले राखी बांधने जाती हैं। बाजार के दुकानदार रवि ने बताया कि इस बार वीरा लवाली राखी महिलाओं को खूब पसंद आ रही है। इसके अलावा बच्चों को कार्टून कैरेक्टर जैसे डोरेमोन, छोटा भीम, स्पाइडरमैन और लाइटिंग वाली राखियां बहुत आकर्षित कर रही हैं। वहीं नजरबट्टू वाली राखियां भी अच्छी संख्या में बिक रही हैं।

### रक्षाबंधन भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक : पं. रविदत्त

**पूंडरी।** भारतीय पर्व परंपरा में भाई-बहन के मिलन का अनोखा त्यौहार रक्षाबंधन होता है। रक्षाबंधन त्योहार के महत्व के बारे में जानकारी देते पंडित रवि दत्त शास्त्री पूंडरी ने बताया कि इस दिन बहनें अपने भाईयों की कलाइयों पर राखी बांधती हैं और उनकी लंबी उम्र और मंगल भविष्य की कामना करती है। उन्होंने बताया कि पूरे भारतवर्ष में श्रावण पूर्णिमा के दिन यह त्यौहार मनाया जाता है, इस दिन बहने थाली में पूजन की सामग्री लेकर अपने भाई के माथे पर मंगल तिलक लगाती हैं, आरती उतारती हैं, मनचाही राखी बांधकर अपने भाई को मिठाई खिलाती हैं।

### नौ को मनाया जाएगा रक्षा बंधन पर्व : नवीन

जयंती देवी मंदिर के पुजारी नवीन शास्त्री ने बताया कि रक्षाबंधन पर्व नौ अगस्त को होगा। इस दिन दोपहर दो बजकर 24 मिनट तक सर्वार्थ सिद्धि योग भी है, जो शुभ कार्यों के लिए अत्यंत उत्तम माना जाता है। कई लोग भद्रा काल को लेकर असमंजस में रहते हैं लेकिन इस बार पूर्णिमा आठ अगस्त को प्रारंभ हो रही है। इसलिए नौ अगस्त को भद्रा का प्रभाव नहीं रहेगा। इस दिन सुबह नौ से साढ़े 10 बजे तक राहुकाल होगा। इसे छोड़ कर पूरे दिन राखी बांधी जा सकती है।

# कैथलः नागरिक अस्पताल में दूरबीन से होगा अब पित्त की पथरी का ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के नागरिक अस्पताल में अब दूरबीन से पित्त की पथरी का ऑपरेशन हो सकेगा। इससे मरीजों को इलाज के लिए प्राइवेट अस्पतालों में मोटी रकम खर्च करने से छुटकारा मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से अस्पताल में नई लेप्रोस्कोपी मशीन लगाई गई है। स्वास्थ्य विभाग इस मशीन को जल्द से जल्द शुरू करने के प्रयास में है। हालांकि, करीब 6 वर्ष प यह मशीन कैथल के नागरिक अस्पताल में लाई गई थी, लेकिन बाद में इसे बंद कर दिया गया था। अब उसके बाद फिर से विभाग इस मशीन को शुरू करने की तैयारी में है। पहले इस मशीन को नूंह के नागरिक अस्पताल में भेज दिया गया था, लेकिन अब फिर से यह मशीन कैथल के नागरिक अस्पताल में आ गई है। जिला नागरिक अस्पताल के प्रिंसिपल मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में लेप्रोस्कोपी मशीन आ गई है। जल्द ही इसे शुरू कर दिया जाएगा। इससे मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन करवाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि अगर यह ऑपरेशन प्राइवेट अस्पताल में करवाया जाता है तो इस पर हजारों रुपए खर्च आ जाता है। अब अस्पताल में ही यह सुविधा मिलने से लोगों को प्राइवेट अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा।

**खबर संक्षेप**

### अत्याचार उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम

**गुहला चीका।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका में लीगल लिटरेसी क्लब के तत्वावधान में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के खिलाफ अस्पृश्यता और अत्याचार विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार ने की। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के अनुच्छेद 17 की जानकारी दी, जो अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराई को समाप्त करने की बात करता है। लीगल सेल के इंचार्ज प्राध्यापक सिमरनजीत सिंह ने 'अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, 1989' पर प्रकाश डाला।

### प्रताड़ना के आरोप में पति और सास नामजद

**कैथल।** राजौंद पुलिस ने दहेज प्रताड़ना का एक मामला दर्ज किया है। किच्छाना की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी शादी कुछ समय पूर्व हिसार के राम प्रकाश के साथ रिती रिवाज अनुसार हुई थी। शादी के समय दिए गए दहेज से वर पक्ष के लोग संतुष्ट नहीं थे तथा और अधिक दहेज की मांग को लेकर उसे मारपीट करते थे। हर रोज की मारपीट से परेशान आकर वह अपने मायके लौट आई और पुलिस को शिकायत दी। मुख्य सिपाही रितु ने बताया कि पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति राम प्रकाश और सास सुमित्रा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन दिवसीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता हुई

**राजौंद।** गांव रोहेडा के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में चल रही खंड स्तरीय तीन दिवसीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने खो खो प्रतियोगिता में अंडर 14 में व अंडर 17 में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में क्रिकेट अंडर 17 में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर जयपाल शर्मा ने बच्चों को खेल के माध्यम से पढ़ो व आगे बढ़ो का संदेश देते हुए भविष्य में होने वाली खेल प्रतियोगिताओ में इससे भी अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

### जन्मजात बच्चे को तुरंत करवाएं स्तनपानः रजनी

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 2 में चांद कौर की आंगनवाड़ी में दर्शन व रजनी ए एन एम की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान रजनी ए एन एम ने मीटिंग में गर्भवती महिला व दूध पिलाने वाली महिलाओं को बताया कि इस मीटिंग का मुख्य उद्देश्य, स्तनपान के बारे जानकारी देना है। उन्होंने महिलाओं को समझाया कि 6 माह तक की आयु तक के शिशुओं को केवल मां का दूध पिलाना चाहिए। यहां तक कि उसे पानी भी नहीं पिलाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को समझाया की मां का दूध बच्चों के लिए कितना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि 6 महीने के बाद हम बच्चों को अनु पूरक आहार दे सकते हैं।

### अभियान में भाग लेकर देशभक्ति का परिचय दें

**पूंडरी।** नगरपालिका चेयरपर्सन बब्ली गोस्वामी ने अपील की है कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर नागरिक हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेकर देशभक्ति का परिचय दे। उन्होंने कहा कि अपने घरों पर तिरंगा फहराना केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह देश के प्रति हमारी निष्ठा और सम्मान का प्रतीक है। बब्ली गोस्वामी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस राष्ट्रव्यापी अभियान का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्र के प्रति प्रेम और जुड़ाव की भावना को और प्रगाढ़ करना है। यह अभियान 15 अगस्त तक चलाया जाएगा, जिसमें हर नागरिक को अपने घर, दुकान या प्रतिष्ठान पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराना है।

## हर घर तिरंगा अभियान के तहत कार्यक्रम का किया आयोजन

# राष्ट्रीय ध्वज हमारे देश की आन-बान और शान का प्रतीक : बाबूलाल

तिरंगा राखी एवं रंगोली बनाओ तथा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता में प्रशिक्षणार्थियों व आरोही स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हर घर तिरंगा अभियान के तहत पीएनबी बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ग्योंग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें तिरंगा राखी एवं रंगोली बनाओ तथा प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रशिक्षणार्थियों व आरोही स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाने के साथ तिरंगे की गौरव गाथा भी सुनाई। विद्यार्थियों द्वारा एडीसी सहित अन्य अधिकारियों की कलाई पर राखी बांधी गई। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि आज हम भाई-बहनों के पवित्र रिश्ते का जश्न मना रहे हैं और इसके साथ ही, हम अपने देश की आन-बान शान तिरंगे का सम्मान भी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि देने और आमजन में देशभक्ति की भावना को प्रबल एवं मजबूत करने के लिए हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में सभी बढ़चढ़ कर भाग लें। इस अवसर पर एलडीएम एसके नंदा, मुख्य प्रबंधक मैन ब्रांच कैथल अनिल रहेजा, सहायक सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी अमित कौशिक, प्रवेश मोर, जितेंद्र, पुष्पा, रवि व विनय सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



### पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधरोपण अनिवार्य

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने एक पेड़ मां के नाम अभियान पौधा रोपण किया और पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन हो रहा है, जिसकी वजह से अत्यधिक गर्मी और अत्यधिक सर्दी का सामना करना पड़ता है। इसलिए पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधा रोपण करना बहुत जरूर है। पर्यावरण अच्छा होगा तो हम बीमार नहीं पड़ेंगे। सभी विद्यार्थी अपनी अपनी मां जो हमें पैदा करती हैं और हमारी परवरिश करती हैं उनके सम्मान में पौधे जरूर लगाएं।

### विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई राखियों और रंगोली की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता और कला का उपयोग करके ऐसी राखियां बनाई, जो हमारे तिरंगे के रंग में रंगी हैं। यह प्रतियोगिता न केवल कला का प्रदर्शन है, बल्कि यह देशप्रेम और भाई-बहनों के प्यार का एक अद्भुत संगम भी है। उन्होंने विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

## अनाधिकृत कॉलोनी में प्रॉपर्टी आईडी बनाने पर होगी कार्रवाई



प्रमेश सिंह

- अनाधिकृत कॉलोनी में नगरपालिका द्वारा 35 फर्जी प्रॉपर्टी आईडी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से प्रॉपर्टी आईडी को लेकर चीका एसडीएम कार्यालय में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। इस शिकायत की एसडीएम की अध्यक्षता में गहनता से जांच की गई, जिसमें मदर प्राईड कॉलोनी के नजदीक अनाधिकृत कॉलोनी में नगरपालिका द्वारा 35 फर्जी प्रॉपर्टी आईडी मिली। प्रॉपर्टी आईडी फर्जीवाड़ा में संलिप्त अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए उपायुक्त को अनुशंसा की गई है। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह बुधवार को एसडीएम कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान जानकारी दे रहे थे। एसडीएम ने कहा कि वर्ष 2024 में जगजीत सिंह पुत्र कुलदीप सिंह निवासी चीका द्वारा उपायुक्त को फर्जी प्रॉपर्टी आईडी के संदर्भ में शिकायत दी गई थी, तो यह शिकायत उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से एसडीएम गुहला कार्यालय को प्राप्त हुई थी। इस शिकायत की एसडीएम की अध्यक्षता में जांच की गई। गहनता से जांच करते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ इन स्थानों का मौका निरीक्षण किया गया तथा ऑनलाईन पोर्टल की भी जांच की गई। जांच के दौरान पाया कि कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से नगर पालिका से अनाधिकृत कॉलोनी में फर्जी आईडी बनवाई है। इसमें 35 फर्जी प्रॉपर्टी आईडी मिली है। ऐसा करने वाले लोगों तथा नगर पालिका के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि वे जमीन की खरीद करने से पहले संबंधित विभाग से कॉलोनी की वैधता / अवैधता बारे पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### दुकानदार सड़कों पर ना करें अतिक्रमणः समय समय पर चलाया जाएगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि प्रशासन द्वारा यातायात व्यवस्था को समुचित करने तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समय-समय पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाता है। गत दिवस भी शहीद उधम सिंह चौक के नजदीक भी सड़क पर हुए अतिक्रमण को नगर पालिका की टीम द्वारा हटाया गया। उन्होंने कहा कि दुकानदार सरकारी जगह पर अतिक्रमण न करें। यदि कोई ऐसा करता पाया जाता है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# गीला-सूखा कचरा अलग रखें : नरेश

## नगर पालिका सचिव की स्वच्छता अभियान में सहयोग की अपील

- जब तक नागरिक खुद इस दिशा में जागरूक नहीं होंगे, तब तक स्वच्छता अभियान पूरी तरह सफल नहीं हो सकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

नगर पालिका सचिव नरेश कुमार ने शहरवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में सहयोग करते हुए अपने घरों से निकलने वाले गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करके ही नगर पालिका की गाड़ी में डालें। उन्होंने कहा कि जब तक नागरिक खुद इस दिशा में जागरूक नहीं होंगे, तब तक स्वच्छता अभियान पूरी तरह सफल नहीं हो सकता। सचिव ने बताया कि इन दिनों नगर पालिका की टीम शहर के अलग-अलग मोहल्लों में जाकर लोगों को जागरूक कर रही है। उन्हें समझाया जा रहा है कि किस प्रकार कचरे को छांटकर देना न केवल शहर की सफाई में सहायक है, बल्कि यह पर्यावरण संरक्षण के लिए भी जरूरी है। नरेश कुमार ने कहा कि यदि हर नागरिक अपने घर में ही गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखे, तो न सिर्फ नगर पालिका का काम आसान होगा।



पूंडरी। स्वच्छता के प्रति शहरवासियों को जागरूक करते सचिव नरेश कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

### हर नागरिक की सांझा जिम्मेदारी

उन्होंने लोगों से अपील की कि जब कचरा उठाने वाली गाड़ी मोहल्ले में आए, तो गीला कचरा (जैसे सब्जियों के छिलके, बासी खाना आदि) और सूखा कचरा (जैसे प्लास्टिक, कागज, बोतलें आदि) अलग-अलग डिब्बों में डालकर ही दें। सचिव ने शहरवासियों से यह भी कहा कि वे अपने आसपास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और दूसरों को भी इस बारे में प्रेरित करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि नगर की स्वच्छता केवल नगर पालिका की नहीं, बल्कि हर नागरिक की सांझा जिम्मेदारी है।

# ग्रामीण इलाके में अभियान चलाने का निर्णय

- भाजपा सरकार एक के बाद एक ग्रामीण गरीबों के खिलाफ फैसले ले रही : कामरेड प्रेम चंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन राज्य कमेटी की बैठक स्थानीय शहीद भगतसिंह भवन में कामरेड जगमाल सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग में मनरेगा, बीपीएल राशन कार्ड रिहायशी प्लाट, प्रधानमंत्री आवास योजना, मकान मरम्मत फंड, स्कूल विद्यार्थी छात्रवृति योजना आदि मुद्दों पर ग्रामीण इलाकों में अभियान चलाने का फैसला लिया गया। मीटिंग का संचालन राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की डबल इंजन भाजपा सरकारें एक के बाद एक ग्रामीण गरीबों के खिलाफ फैसले ले रही है। ये सरकारें चुनाव में वोट लूटने के लिए लोकलुभावन घोषणाएं करती हैं। चुनाव जीतने के बाद पहले से चल रही कल्याणकारी योजनाओं को सिकोड़कर गरीबों के खिलाफ विश्वासघाती फैसले बेशर्मी से थोप रही है। सबसे पहले सार्वभौमिक वितरण प्रणाली के तहत मिलनेवाली खाद्य सामग्री को आधा किया, दालों का वितरण बंद किया और अब सरसों के तेल की कीमत को अढ़ाई गुणा बढ़ा दिया है।



कैथल। बैठक में विचार विमर्श करते अखिल भारतीय खेत मजदूर यूनियन राज्य कमेटी के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

## ट्रैफिक नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



एसपी आस्था मोदी

- मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट पर पैनी नजर

जिला कैथल में ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों पर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार कड़ी निगरानी की जा रही है। ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर नरेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान काटे जा रहे है तथा साथ साथ आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे भी जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि एसपी आस्था मोदी के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर क्षेत्र में दहशत पैदा करने वाले तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट पर विशेष तौर पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस दौरान माह जुलाई दौरान एसी 31 बुलेट बाइको के चालान किए गए है।

### ब्लैक फिल्म के तीन चालन

प्रवक्ता ने कहा कि पुलिस द्वारा मुख्य रूप से वाहन पर बिना नंबर प्लेट के 627, लाइन चेंज के 365, बिना हेलमेट के 1351, ओवर स्पीड के 343, रोंग साइड के 1746, बिना सीट बेल्ट के 179, शराब पीकर ड्राइविंग के 18, मोबाइल प्रयोग के 60, ब्लैक फिल्म के 3 तथा अंडर एज के 3 चालान किए गए है, उपरोक्त सभी चालान आमजन के जानमाल की सुरक्षा के लिए है। एसपी आस्था मोदी ने कहा कि आमजन वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों के प्रति लापरवाही बरतते है जिस लापरवाही की वजह से हम खुद को दूसरों को और अपने परिवार के साथ धोखा करते है जिससे कि जान माल का नुकसान भी होता है। एसपी ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य चालान काटने का नही है बल्कि आमजन की जिंदगी बचाना है।

## ओपी जिन्दल की 95वीं जयंती पर फल वितरण-पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

- फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

राष्ट्र निर्माण के महान शिल्पकार ओपी जिन्दल की 95वीं जयंती के अवसर पर सामाजिक संस्था /"एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन/" द्वारा एक विशेष फल वितरण एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सेवा तथा ओ.पी. जिन्दल के जीवन मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना रहा। फाउंडेशन से जुड़े सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पौधे लगाए और जरूरतमंदों को ताजे फल वितरित किए।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने ओ.पी. जिन्दल जी के जीवन से जुड़ी प्रेरणादायक बातें साझा करते हुए बताया कि उन्होंने समाज के हर वर्ग के लिए समर्पित भाव से कार्य किया और शिक्षा, स्वास्थ्य तथा औद्योगिक क्षेत्र में भारत को नई दिशा दी। /"एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन/" की अध्यक्ष निधि मोहन ने बताया कि जिन्दल की सोच और सेवा भावना आज भी हमारे कार्यों के मार्गदर्शक हैं। पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाना और फल वितरण से समाज में सहयोग की भावना को मजबूत करना ही बाऊजी को सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में फाउंडेशन सदस्य डॉक्टर मनीषा मंगल , बबीता सिंगला, मंजू, वंदना मित्तल, इंदु शर्मा ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. हॉस्पिटल में सीएमओ डॉ राजेश , सीनियर नर्सिंग ऑफिसर तृप्ता , अनु खुराना, सुनीता, सतपाल व स्टाफ का बहुत सहयोग रहा।



पूंडरी। पौधारोपण करते एक किरण उम्मीद की फाउंडेशन के सदस्य।

## एनआईआईएलएम विवि में विद्यार्थियों को किया अपराध से बचाव बारे जागरूक



जींद। साइबर थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु साइबर अपराधों बारे जागरूक करते हुए।

**कैथल।** साइबर थाना प्रभारी पीएसआई शुभ्रांशु की टीम द्वारा एनआईआईएलएम यूनिवर्सिटी कैथल में विद्यार्थियों सहित स्टाफ को साइबर अपराधों से बचाव बारे जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा सभी को जानकारी दी गई कि किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा सोशल मीडिया या साइट पर दी गई जानकारी को पूर्ण न समझे। साइबर अपराधी आपको पैसे कमाने का, पैसे डबल करने का या अन्य तरीके का प्रलोभन देकर आपकी निजी जानकारी हासिल करते है। जिसके बाद फोन पर ओटीपी भेजकर या अन्य तरीके से आपके खाते को खाली कर देते है। साइबर ठग आपको फोन पर कुछ मिनटों में लाखों रुपए का लोन सस्ती दरो पर देने का दावा करते है और आपकी जानकारी हासिल कर आपके खाते से रकम को अपने खाते में ट्रांसफर कर लेते है। साइबर अपराधी स्मार्ट फोन से मोबाइल ऐप, इंटरनेट बैंकिंग व अन्य तरीको से लोगों के साथ धोखाधड़ी कर पैसे हड़प रहे है।

**न्यायालय उप-तहसीलदार-कम-सहायक कलेक्टर द्वितीय श्रेणी, जीन्द।**

**कविता पत्नी स्व० सन्दीप पुत्र श्री सुधन सिहँ निवासी गाँव रामगढ़ तह० व जिला जीन्द।**

**बनाम**

जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि स्व० अशोक कुमार पुत्र श्री बाला की मृत्यु दिनांक 04.05.2021 व अरूण कुमार पुत्र कुलमषण की मृत्यु दिनांक 22.11.2008 को हो चुकी है इनकी मृत्यु उपरान्त इनके निम्न जायज वारिसान है :-

अशोक कुमार के वारिसान 1. कुसुम विधवा 2. विकास 3. विदुशी पुत्र व पुत्री स्व. अशोक कुमार ही हैं इनके इलावा अन्य कोई वारिसान नहीं है।

सन्तोष पुत्र बाला के वारिसान सीमा पुत्री सन्तोष ही वारिस है।

भारत भूषण पुत्र बाला के वारिसानः- 1. निर्मला विधवा 2. पंकज पुत्र भारत भूषण है।

इनके इलावा मृतको का अन्य कोई वारिसान / उत्तराधिकारी नही है इस इश्तहार के माध्यम से मेरे पति सन्दीप पुत्र सुधन सिहँ द्वारा 16-0 कनाल जमीन वाका रामगढ तह० व जिला जीन्द में वसीका नं० 3310 दिनांक 02.07.2019 द्वारा ली गई थी जिसका इन्तकाल मृतकों के वारिसान के हिस्से से हमारे नाम होना है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतकों के बताए गए वारिसान/उत्तराधिकारी को इन्तकाल बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। मियाद गुजरने बाद कोई आपत्ति नही सुनी जाएगी।

यह कि नोटिस बाबत हस्ताक्षर आज दिनांक 05.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

हस्ता/-तहसीलदार-कम-सब-रजिस्ट्रार, जींद

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अधिक से अधिक किया जाए पौधरोपणः एसडीएम

# अभियान में गति लाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी

- खंड गुहला में 45 पात्र व्यक्तियों को प्रति वर्ष प्रदान किए जा रहे तीन हजार रुपये पेंशन के रूप में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा एक पेड़ माँ के नाम अभियान चलाया हुआ है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ बनाना है। इस अभियान में गति लाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और पांच वर्षों तक अपने बच्चों की तरह उसकी देखभाल करनी चाहिए। पेड़ न केवल हमें ऑक्सीजन प्रदान करते है, बल्कि जलवायु परिवर्तन से निपटने व प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते है। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह बुधवार को एसडीएम कार्यालय परिसर में पौधा रोपण करने उपरांत जानकारी दे रहे थे। वन दरोगा मनीष कुमार, वन रक्षक विजय कुमार, कुलदीप सिंह, विनोद कुमार आदि मौजूद रहे।



जींद। पौधारोपण करते एसडीएम प्रमेश सिंह। *फोटो : हरिभूमि*

### पर्यावरण के प्रति अपनी सजगता दिखाने का आह्वान

एसडीएम ने कहा कि विशेषकर युवाओं को ऊर्जा व पर्यावरण के प्रति अपनी सजगता दिखानी चाहिए। अपने समुदाय में पर्यावरण संरक्षण में लगातार काम करते रहना चाहिए। हर एक पौधा जो हम आज लगा रहे है वह कल हजारों साँसों को शुद्ध करेगा। यह हमारे आने वाली पीढ़ियों के लिए उपहार है। राज्य सरकार द्वारा 75 वर्ष से अधिक पुराने वृक्षों के सम्मान हेतु प्राण वायु देवता स्कीम के तहत पेंशन योजना चल रही है। इस योजना के तहत इन वृक्षों की देखभाल व रख-रखाव के लिए प्रति वृक्ष तीन हजार रूपये प्रति वर्ष पेंशन का प्रावधान है। वन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार खंड गुहला में 45 पात्र व्यक्तियों को तीन हजार रुपये पेंशन के रूप में प्रदान किए जा रहे। वन राजिक अधिकारी सतबीर सिंह ने भी पौधा रोपण किया तथा उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष खंड गुहला में 50 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य है। जिसके तहत विभाग द्वारा 25 हजार पौधे लगाएं जा चुके है। ये पौधे विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों, सरकारी विभागों, तथा ग्राम पंचायतों में वितरत किए गए है। उन्होंने बताया कि इसमें तीन विभागीय योजना पौधगिरी, जल शक्ति अभियान व एक पेड़ मां के नाम शामिल है। विभाग द्वारा अर्जुन, जामुन, चक्रासिया, अमरूद, बड़, पीपल, आंवला, आम, बहेड़ा, चांदनी, गुडल, बुगन बेल इत्यादि पौधे वितरत किए गए है। आमजन यदि अपने घर या आसपास पौधा लगाना चाहता है, तो वह मटकालिया रोड़ स्थित वन विभाग की आरएफ नर्सरी से निःशुल्क पौधे प्राप्त कर सकते है। इस मौके पर मीडिया कर्मियों ने भी पौधारोपण किया।

## खबर संक्षेप



### नपा की टीम ने सफाई के बारे में किया प्रोत्साहित

**राजौंद।** राजौंद के वार्ड नंबर 6 में नगर पालिका प्रशासन द्वारा जिला उपायुक्त व नगर आयुक्त कैथल के दिशा निर्देशानुसार सचिव नरेंद्र शर्मा द्वारा वार्ड नंबर 6 में स्थित राधा स्वामी कॉलोनी में सूखे कूड़े गीले कूड़े बारे आमजन को प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान वार्ड के प्रत्येक घर में नगर पालिका द्वारा गीला कूड़ा व सूखा कूड़ा डालने के लिए डस्टबिन दिए गए। लोगों को जागरूक किया।

### फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों पर 50% अनुदान

**कैथल।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग कैथल के उप निदेशक डा. बाबु लाल ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए कृषि एवं किसान विभाग द्वारा जिला कैथल में फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम शुरू की गई है। जिसके तहत फसल अवशेष प्रबंधन कृषि यंत्रों पर 50 प्रतिशत या अधिकतम तय अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए किसानों को कृषि विभाग के पोर्टल पर 20 अगस्त तक आवेदन करना होगा।

### दक्षिणपंथी ताकतों के विरोध में धरना कल

**ढांड।** कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की मीटिंग कामरेड जयपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीटिंग को पार्टी राज्य सचिव कामरेड प्रेमचंद ने मुख्य रूप से संबोधित किया। कामरेड प्रेमचंद ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की मदुरै में संपन्न हुई 24 वीं पार्टी कांग्रेस की रिपोर्ट व निर्णयों को विस्तार से प्रस्तुत किया। देश व दुनिया में साम्राज्यवादी शक्तियां शोषणकारी नीतियां लागू कर रही है। ये ताकतें अपने शोषण को बढ़ाने के लिए दुनिया भर में युद्धों को भड़का रही हैं।

### मिलेगा एक व दो लीटर तेल खरीदने का विकल्प

**जींद।** जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक राजेश आर्य ने बताया कि निदेशक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत डिपो धारकों द्वारा वितरित किए जाने वाले सरसों तेल के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जारी निर्देशों के अनुसार लाभार्थियों को एक बार में एक लीटर अथवा दो लीटर सरसों तेल लेने का विकल्प दिया जाएगा।

### राजकीय स्कूल में पढ़ने आई दो किशोरियां गायब

**कैथल।** कस्बे सीवन के राजकीय स्कूल में पढ़ने आई दो किशोरियों के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। एक व्यक्ति ने सीवन पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 अगस्त को उसकी 16 व 17 साल की दो बेटियां सीवन के राजकीय स्कूल में पढ़ने के लिए आई थी लेकिन इसके बाद में घर नहीं लौटी। उसने आरोप लगाया कि कोई अज्ञात व्यक्ति उसकी बेटियों को शादी की नीयत से झांसा देकर अपने साथ भगा ले गया है।

### जिले में अब पुख्ता की जाएगी सड़क सुरक्षा

# एनएच-राज्य मार्गों पर अवैध कट नहीं आरयूबी से 24 घंटे में पानी निकासी

- गांवों व कस्बों में बस क्यू शेल्टर बनाने को सड़क सुरक्षा समिति से लेनी होगी अनुमति
- रेलवे लाइन के अंडरब्रिज में बरसाती पानी भरने पर 24 घंटे में निकालना होगा पानी
- सड़क खराब होने की सूरत में हरपथ पोर्टल पर कोई भी नागरिक दे सकता है जानकारी : एसडीएम



जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि सड़कों पर अवैध कटों से दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता है। ऐसे दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का चयन किया जाए ताकि संबंधित विभागों द्वारा उनका सुधार किया जा सके। अधिकारी सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम उठाएं। सड़क सुरक्षा के तहत योजनाबद्ध तरीके से कार्य करते हुए आमजन को जागरूक करने की दिशा में अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। एसडीएम बुधवार को सचिवालय में सड़क सुरक्षा सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर गठित कमेटी की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### अधिकारियों को निर्देश

एसडीएम ने लोक निर्माण विभाग के भवन व सड़कें तथा एचएसएएमबी व मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित सडकों का समय-समय पर निरीक्षण कर उनकी मरम्मत आदि के जो भी कार्य है वो उन्हे पूरा करते रहे। एसडीएम ने जिला परिषद, सरपंच, खंड समिति, रोडवेज विभाग के अधिकारियों को कहा कि गांव व कस्बे में लोगों की मांग के अनुरूप बनने वाले बस क्यू शैल्टरों के लिए सड़क सुरक्षा समिति की अनुमती लेना अनिवार्य है। बिना अनुमति के कोई भी बस क्यू शैल्टर नही बनाया जाना चाहिए।

### अंडरब्रिज में अंकित होगा संबंधित एजेंसी व ठेकेदार का फोन नंबर

बरसाती मौसम में ज्यादातर रेलवे अंडरपास में पानी भरा रहता है। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को कहा कि अंडरपास से पानी निकालने के लिए सरकार द्वारा कॉन्ट्रेक्टर को ठेका दिया गया है। लिहाजा संबंधित ऐजेंसी का नाम व फोन नंबर प्रत्येक रेलवे अंडरब्रिज पर अंकित किया जाए ताकि पानी भरने की स्थिती में कोई भी नागरिक अथवा जनप्रतिनिधि इसकी जानकारी सम्बधित एजेंसी को दे सके। एसडीएम ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे सड़क खराब होने की स्थिति में हरपथ पोर्टल पर इसकी जानकारी दे सकते हैं। जिसको संबंधित विभाग निर्धारित अवधी में पूरा कर सकें। इसके साथ-साथ जब अधिकारी क्षेत्र जाते है अगर उन्हें कहीं पर सड़क खराब या सड़क सुरक्षा को लेकर कोई प्वायंट नजर आता है तो वे भी हरपथ पोर्टल पर तुरंत डालें।

### ओवरस्पीड वाहनों के काटे जाएंगे चालान

एसडीएम ने कहा कि नैशनल हाइवे पर पुलिस व संबंधित विभाग नियमिति रूप से पैट्रोलिंग करते रहें। अगर कोई वाहन ओवर स्पीड मिलता है तो उसका तुरंत नियमानुसार चालान करना सुनिश्चित करें। संबंधित विभाग द्वारा सड़क के दोनों ओर खड़े पेड़ों, झाडियों की छंटाई की जाए। हाइवे के नजदीक जितने भी सर्विस रोड हैं, उन्हें दुरूस्त करवाएं। बाईपास के जितने भी ओवर ब्रिज हैं, उन्हें नैशनल हाईवे अथोर्टी के अधिकारी तुरंत दुरूस्त कर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें।

### दनौदा खुर्द के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध कट करें बंद

एसडीएम ने निर्देश दिए कि दनौदा खुर्द गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवैध रूप से बने कट को दुरूस्त करें अथवा उसके लिए अंडर पास जैसे सुविधाओं के लिए मुख्यालय से अनुमति लेकर उसको दुरूस्त करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नए बस अड्डा से रानी तालाब तक गोहाना रोड शहर का सबसे पर सड़क सुरक्षा को लेकर जो भी सांकेतिक चिन्ह है उन सभी को नियमानुसार अंकित किया जाए।

### स्कूल वाहनों की हो नियमित जांच

एसडीएम ने कहा कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत स्कूली बसों की नियमित जांच होनी चाहिए और जो तय मापदंड वह पूरे होने चाहिए। बैठक में डीएमसी सुरेंद्र दून, नगराधीश मोनिका रानी, आरएसए भारत नागपाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



जींद। छात्रों को जागरूक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# छात्रों को सिखाए डायरिया और डेंगू से बचाव के गुर

- जामनी स्कूल में जल संरक्षण पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद

जल संरक्षण अभियान के तहत गांव जामनी के सरकारी स्कूल में खंड समन्वयक सुरेन्द्र दुग्गल ने विद्यार्थियों को डेंगू व डायरिया से बचाव के उपाय बताए और आंगनवाड़ी व गांव की विजिट करके लोगों को पेयजल जांच के बारे में जागरूक किया। इसके साथ ही ग्रामीणों को पौधरोपण के बारे में भी बताया।

इस मौके पर स्कूल इंचार्ज विक्रम कुंडू, स्कूल स्टाफ, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्य, आंगनवाडी वर्कर व स्कूल के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए सुरेंद्र दुग्गल ने कहा कि डायरिया, डेंगू व मलेरिया से बचाव ही इसका समाधान है। इसके लिए जरूरी है कि हम इन बीमारियों के फैलने वाली चीजों से सावधानी बरतें, सावधानी में ही बचाव है।

### साफ पानी पियें

उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में होने वाली इन बीमारियों से लोगों को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा जल संरक्षण के साथ-साथ यह अभियान चलाया जा रहा है। यह बीमारी दूषित जल के उपयोग, खराब हुई खाद्य सामग्री के उपयोग, मच्छर, मक्खी आदि कारणों से होता है। इससे बचने के लिए सभी को स्वच्छ पेयजल उपयोग करना चाहिए। खासकर बरसात के दिनों में पानी को उबाल कर व ठंडा करके पीना चाहिए। अपने पेयजल नल के आस-पास साफ-सफाई रखें। खाद्य बर्तनों को साफ रखें। काफी समय पहले काटे गए फल व सब्जियों का प्रयोग न करें। खाने-पीने की सभी खाद्य सामग्री को ढक्कर रखें और अपने आसपास पानी को खडा न रहने दें, जिससे मच्छर पनपते हैं। उन्होंने बताया कि पेयजल संरक्षण के लिए सभी विद्यार्थी अपने पेयजल नलों पर टेप लगाएं।

# फुटबॉल में सेरधा स्कूल विजयी

- खंड स्तरीय प्रतियोगिता : लड़कों व लड़कियों की टीमें हुई शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद



राजौंद। प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ स्कूल स्टाफ सदस्य। फोटो : हरिभूमि

खंड स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर 14 लड़के अंडर 17 लड़के एवं अंदर-19 लड़कों की टीम खेलों की प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों के 600 के लगभग खिलाड़ियों ने भाग लिया। नोडल अधिकारी सोहन पाल ने बताया कि बुधवार को प्रतियोगिताओं में फुटबॉल अंडर 14 लड़के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेरधा की टीम प्रथम रही, अंडर 17 में लड़के जीएचएस तारागढ़ की टीम प्रथम रही, अंडर 19 में लड़के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेरधाकी टीम प्रथम रही। खो -खो अंडर 14 लड़के एसडीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद, अंडर 17 में लड़कों में एसडीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल राजौंद की टीम प्रथम रही, अंडर-19 लड़कों की टीम में न्यू टैगोर पब्लिक स्कूल किठाना प्रथम रही। शतरंज अंडर 14 में लड़कों में दिग्विजय प्रताप प्रथम रहा जबकि यश चहल द्वितीय स्थान पर रहा, अंडर 17 में लड़कों में आदित्य शर्मा प्रथम, यश द्वितीय अंडर 19 में लड़कों में लविश प्रथम,लक्ष्य द्वितीय स्थान पर रहा। वीरेंद्र देओल प्रिंसिपल गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल रोहड़ा, राजेंद्र पीजीटी रोहड़ा, अमित कुमार पीजीटी, सुरेंद्र शास्त्री कसान इसके अलावा खंड राजौंद के सभी स्कूलों के पीटीआई मा

### सेनानी परिवारों ने शहीदों को किया याद

**जींद।** स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के उत्तराधिकारियों की मीटिंग अशोक मित्तल की अध्यक्षता में नेहरू पार्क में हुई। इसमें स्वतंत्रता सेनानियों व देश के वीर शहीदों को याद किया। मीटिंग में सीएम नायब सैनी का धन्यवाद किया। जिन्होंने स्वतंत्रता सेनानी की विधवा बेटी की पेंशन बनाने का आदेश दिए। स्वतंत्रता सेनानी परिवार मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार का धन्यवाद करते हैं। मीटिंग में 15 अगस्त के राष्ट्रीय पर्व पर स्वतंत्रता सेनानी के उत्तराधिकारी सम्मानित होंगे। ऐसे परिवार के उत्तराधिकारियों की लिस्ट नगराधीश को दी जाएगी। सपरिवारों से अनुरोध है कि वह जीन्द जिले की लिस्ट संगठन के पास 10 अगस्त से पहले भेंजे।

# वीडीआई के खिलाड़ी बने विजयी

- रावमावि शामलो कलां स्कूल में खंड स्तरीय प्रतियोगिता।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जुलाना



जुलाना। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

खंड स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन शामलोकलां के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजन हुआ। जिसमें 14, 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग में दौड़ व शॉटपुट प्रतियोगिता में वरदे देवी कॉस्मो पब्लिक वमावि ब्राह्मणवास के छात्र व छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड, सिल्वर और रजत मेडल अपने नाम किए। 19 आयु वर्ग में जसिका ने 400 मीटर और 200 मीटर व लंबी कूद में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। तुषार ने शॉटपुट में गोल्ड मेडल व मीनाक्षी ने 200 मीटर में सिल्वर व लंबी कूद में कांस्य पदक प्राप्त किया। 14 वर्ष आयु वर्ग में दीप्ति ने 100 मी में सिल्वर व 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। हार्दिक ने 100 व 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त किया। सभी विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए अपना चयन सुनिश्चित किया है। अब यह सभी विद्यार्थी विद्यालय का प्रतिनिधित्व जुलाना ब्लॉक के नेतृत्व में जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। प्रिंसिपल सतीश कुमार के द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि खेलों से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है।

### वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल में छात्रों को किया जागरूक



**जींद।** एसपी कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन में बुधवार को स्पेशल नशा मुक्ति टीम ने गांव अशरफगढ़ के वुडस्टॉक पब्लिक स्कूल मे साइबर अपराध तथा नशे को लेकर जागरूक किया। टीम ने गांव में डोर टू डोर नशे के लेकर अभियान चलाया गया। डीएसपी संदीप कुमार ने बताया कि आज समाज में बढ़ता ड्रग्स का प्रचलन एक बड़ी समस्या है समय रहते इस बुराई पर अंकुश लगाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि ड्रग प्रभावित गांवों मे सुधार के लिए नशे की लत में पड़े युवाओं का उपचार करवा कर उन्हें मुख्य धारा में जोडऩा बहुत जरूरी है। नशा मुक्ति टीम के इचांर्ज उप निरीक्षक नरेश कुमार ने कहा कि नशा एक ऐसा जहर है, जो न केवल शरीर को नष्ट करता हैए बल्कि जीवन, आत्मा, परिवार और समाज को भी गर्त में ले जाता है। इस अवसर पर विद्यालय प्रागंण में पौधा रोपण किया गया ताकी बच्चों व समाज में पर्यावरण के प्रति जागरुकता कि भावना पैदा हो।

# कांगथली में खेल प्रतियोगिताएं शुरू

- प्राचार्य ने सीवन की खंड स्तरीय प्रतियोगिता का किया आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीवन



सीवन। खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ करते प्राचार्य डॉ. प्रद्युम्न भल्ला।

सीवन खंड की खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगथली के प्राचार्य डॉ. प्रद्युम्न भल्ला ने किया। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में विद्यार्थियों का न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक, सामाजिक और नैतिक विकास भी होता है। यही खेल भविष्य के सफल नागरिकों की नींव रखते हैं। यह प्रतियोगिताएं 5 से 8 अगस्त तक स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल सीवन में आयोजित होगी। जिसमें सीवन खंड के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इन प्रतियोगिताओं में खो-खो, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, शतरंज, योग आदि खेलों का समावेश किया गया है। प्रतियोगिताएं जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी के कुशल मार्गदर्शन, खंड शिक्षा अधिकारी अनिल छाबड़ा की प्रेरणा और खेल सचिव डॉ. प्रद्युम्न भल्ला की निगरानी में संपन्न हो रहा है। इस आयोजन में डीएवी पब्लिक स्कूल सीवन की प्राचार्य डॉ. मीना मेहता का सक्रिय सहयोग सराहनीय रहा। इन प्रतियोगिताओं को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने में शमशेर सिंह डीपी, रमेश कुमार, विकास तंवर, चरण सिंह, रामपाल सिंह, राजकुमार, रामदर्शन, सविता मलिक, रुपिंदर कौर, सुनीता देवी एवं कुलदीप कौर मौजूद रहीं।

# मंत्री ने गांव सैंथली में लगाई विकास की झड़ी, किया स्वागत

- सैंथली को दी 2.50 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात



नरवाना। लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए मंत्री बेदी।

**नरवाना।** मंत्री कृष्ण कुमार बेदी का सोमवार देर सायं नरवाना के गांव सैंथली में ग्रामीणों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। गांव पहुंचने पर फूलमालाओंए ढोल.नगाड़ों और नारों के साथ ग्रामीणों ने कैबिनेट मंत्री का जोरदार अभिनंदन किया। कैबिनेट मंत्री ने अपने संबोधन में गांव की करीब तीन दर्जन मांगों को मौके पर मंजूरी दी। इन सभी कार्यों के लिए मंच से कैबिनेट मंत्री 2 करोड़ 50 लाख रूपये की अनुदान राशि घोषित की। उन्होंने मंच से स्पष्ट तौर पर कहा कि जो भी कार्य गांव की जरूरत हैए उनके एस्टीमेट जल्द तैयार करवाएं जाएं ताकि सरकार द्वारा उन्हें तत्काल स्वीकृति प्रदान कर बजट मुहैया कराया जा सके। कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि हरियाणा सरकार का मुख्य उद्देश्य है कि हर नागरिक को सुरक्षाए बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

### खेलों में अव्वल रहे ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद के विद्यार्थी



**राजौंद।** ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजौंद के बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा। सिमरन ने अंडर 19 में लांग जंप तथा सप्रीत ने हाई जंप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह अंडर 17 खेलों में माफी ने हाई जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि सचिन ने 1500 मीटर रेस तथा हाई जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जतिन ने ट्रिपल जंप में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रवेश ने लॉन्ग जंप तथा ट्रिपल जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इन सभी प्रतिभाशाली बच्चों ने ब्लॉक स्तर पर खेलों में अपना दम दिखा कर जिला स्तर पर होने वाले खेलो में अपना स्थान सुनिश्चित कर अपने विद्यालय तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया है। इस दौरान स्कूल प्रबंध कुलबीर दीक्षित तथा प्रधानाचार्य सतपाल सिंह ने पीटीआई सुशील तथा सहयोगी वेदपाल ने बच्चों की इस उपलब्धि पर बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

**कार्यक्रम** अंबाला में आयोजित दो दिवसीय कैंप में चित्रकला प्रतियोगिता का किया आयोजन

# स्काउट एंड गाइड में मोतीलाल स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

नाइट फायर में लोकनृत्य, देशभक्ति गीतों व स्किट से दिया सामाजिक संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद




जींद। बच्चों के साथ मौजूद चेयरमैन और प्रिंसिपल। फोटो : हरिभूमि

अंबाला में आयोजित दो दिवसीय स्काउट एंड गाइड कैंप में मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय के छात्रों ने भाग लेते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर में विद्यालय के विद्यार्थियों ने न केवल अनुशासन व सेवा भाव का परिचय दियाए बल्कि विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन कर सम्मानजनक स्थान भी प्राप्त किया। विद्यालय की ओर से छात्र.छात्राएं स्काउट एंड गाइड की फ्लॉक लीडर रजनी के नेतृत्व में अंबाला पहुंचे। वहां आयोजित विविध गतिविधियों में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह व निष्ठा के साथ भाग लिया। कैंप का उद्देश्य बच्चों में स्वावलंबन, अनुशासन, सहयोग, नेतृत्व क्षमता एवं सामाजिक सेवा जैसे मूल्यों को विकसित करना था। कैंप के दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रतिभावान छात्र मोहांस ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति से सभी को प्रभावित किया। उनके द्वारा बनाए गए पर्यावरण संरक्षण पर आधारित चित्र ने निर्णायकों को अत्यंत प्रभावित किया और उन्हें प्रथम स्थान से सम्मानित किया गया। यह विद्यालय के लिए गौरव का विषय रहा कि उसके छात्र ने कला के क्षेत्र में अपनी छवि स्थापित की। कैंप के दौरान आयोजित रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम नाइट फायर में विद्यालय के छात्र ने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, देशभक्ति गीत एवं स्किट के माध्यम से सामाजिक संदेश प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र जेनिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इनकी प्रस्तुति में अनुशासन, तालमेल और संदेश तीनों का अद्भुत समन्वय देखने को मिला।

### बच्चों को दी बधाइयां

बच्चों ने समूह में काम करने की कला को भी बारीकी से सीखा। प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया एवं प्राचार्य रविंद्र कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे छात्र व छात्राओं ने स्काउट एंड गाइड शिविर में न केवल भागीदारी की बल्कि सम्मानजनक उपलब्धियां भी हासिल कीं। यह सिद्ध होता है कि हमारी शिक्षा प्रणाली केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नही है बल्कि हम सर्वांगीण विकास की दिशा में कार्य कर रहे हैं। ऐसे शिविरों से बच्चों में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व व आत्मविश्वास जैसे गुण विकसित होते हैं। स्काउट गाइड लीडर रजनी के योगदान को सराहा। जिन्होंने न केवल तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया बल्कि उनके आत्मबल और उत्साह को भी बनाए रखा। विद्यालय प्रशासक वीपी शर्मा और हेड काऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण किया।